# मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग
# सामान्य अध्ययन
# प्रारम्भिक परीक्षा-2018 (द्वितीय प्रश्न-पत्र)

*समय : 2 घंटे* | *अधिकतम अंक : 200*

1. आकाश ने सीधे दक्षिण की ओर 4 कि.मी. की यात्रा की। फिर बाएँ मुड़ कर उसने सीधे 6 कि.मी. की यात्रा की तथा फिर उसने दाईं ओर सीधे 4 कि.मी. की यात्रा की। अब वह प्रारंभिक बिन्दु से कितनी दूर है?
(a) 18 कि.मी. (b) 12 कि.मी.
(c) 10 कि.मी. (d) 8 कि.मी.

2. उत्पादन हेतु प्रति यूनिट रु 60 की लागत वाली उत्पाद को प्रति माह 1200 यूनिट की औसत दर पर बेचा जा रहा था। उत्पाद में सुधार करने के बाद, उसी उत्पाद को प्रति माह 2000 यूनिट के औसत दर से बेचा गया। हालांकि, नए उत्पाद को बनाने में पाँच प्रतिशत और अधिक खर्च हुआ। अगर प्रत्येक बार निर्माता द्वारा तय की गई ब्रिक्री का मूल्य प्रति यूनिट रु 75 था, तो नए उत्पाद के साथ प्रति माह निर्माता को अतिरिक्त लाभ कितना हुआ?
(a) रु 4,000 (b) रु 6,000
(c) रु 8,000 (d) रु 9,000

3. एक कारखाने में 10% कर्मचारियों का वेतन रु 20,000 है. 30% कर्मचारियों का वेतन रु 25,000 है; 50% कर्मचारियों का वेतन रु 30,000 है; 10% कर्मचारियों का वेतन रु 40,000 है। औसत वेतन कितना है?
(a) रु 28,500 (b) रु 36,500
(c) रु 24,000 (d) रु 19,000

4. अमन, अनिल और अतुल रु 10% की लॉटरी टिकट खरीदने के लिए सहमत हैं। अमन रु 5, अनिल रु 3 और अतुल रु 2 का योगदान करता है। वे इस बात पर सहमत हैं कि यदि वे इस टिकट के साथ कुछ भी जीतते हैं, तो उनके योगदान के समान अनुपात में इसे साझा किया जाएगा। अगर वे रु 25,000 जीतते हैं, तो अनिल को कितने रूपए मिलते हैं?
(a) रु 4,000 (b) रु 5,000
(c) रु 6,500 (d) रु 7,500

5. रवि के पास राज से डेढ़ गुना पैसा है और राज के पास राकेश से डेढ़ गुना पैसा है। कुल मिलाकर उनके पास रु 76,000 हैं, तो राज के पास कितने रूपए हैं?
(a) रु 12,000 (b) रु 16,000
(c) रु 24,000 (d) रु 36,000

6. एक आयत की परिधि 70 इकाई है और उसका क्षेत्रफल 276 वर्ग इकाई है। उसके सबसे लम्बे भुजा का मान है
(a) 12 इकाई (b) 18 इकाई
(c) 23 इकाई (d) 36 इकाई

7. किसी व्यक्ति को 210 कि.मी. वाहन चलाना है। यदि वह 120 कि.मी., औसत 20 कि.मी/घंटा की रफ्तार से तथा 90 कि.मी., औसत 30 कि.मी./घंटा की रफ्तार से वाहन चलाता है और यात्रा के मध्य में नाश्ते के लिए 60 मिनट रूकता है, तो वह कुल दूरी कितनी देर में तय कर लेगा?
(a) 7 घंटा (b) 8 घंटा
(c) 9 घंटा (d) 10 घंटा

8. सरल करें:-
$$\frac{0.9\times0.9\times0.9-0.4\times0.4\times0.4}{0.9\times0.9+0.4\times0.4+0.9\times0.4}$$
(a) 1.3 (b) 0.9
(c) 0.5 (d) 0.4

निर्देश (प्रश्न सं. 9 से 11): निम्नलिखित शब्दों में से प्रत्येक के लिए एक संदर्भ प्रदान किया गया है। दिए गए विकल्पों में से वह शब्द/वाक्यांश चुनें, जो तत्सम्बन्धित संदर्भ में शब्द के अर्थ में सबसे निकट है।

9. असुधार्य: जेल में एक साल बिताने के बाद भी, वह आदमी असुधार्य रहा।
(a) असंशोधनीय (b) पछतावा करता हुआ
(c) सुधार-योग्य (d) अनुतापी

10. बेतरतीब: लम्बे समय तक काम करने के बाद, पुलिस अधिकारी थक गया और बेतरतीब हो गया।
(a) खुश (b) अच्छी तरह तैयार
(c) मलिन (d) उत्साही

11. उपेक्षापूर्ण: निर्दोष दर्शकों की उपेक्षा करते हुए, पुलिस ने अपराधियों पर गोलीबारी की।
(a) व्यर्थ (b) मूर्खतापूर्ण
(c) आवश्यक (d) अवज्ञापूर्ण

12. निम्नलिखित में से कौन-सा भाव दिखाता है कि आप सुन रहे हैं?
   (a) वक्ता की ओर ध्यान नहीं देना
   (b) सिर हिलाना और आँख से सम्पर्क करना
   (c) फोन पर अपना ई-मेल जाँचना जबकि वक्ता बात कर रहा हो
   (d) खिड़की से बाहर देखना

13. निम्नलिखित में से कौन-सा एक सम्पर्क कौशल नहीं है?
   (a) सुनना (b) बोलना
   (c) तैरना (d) हाथ लहराना

14. आप एक आतंकवादी हमले के बारे में सुनते हैं और बहुत ही भयाक्रांत होते हैं, तो आप कैसे दिखेंगे?
   (a) प्रसन्न (b) भयातुर
   (c) अनजान (d) मुदित

**निर्देश** (प्रश्न सं. 15 से 17) : सबसे उपर्युक्त विकल्प के साथ रिक्त स्थान भरें।

15. माफी पत्र लिखते समय, आपको मुख्य रूप से ___ पर ध्यान देना चाहिए।
   (a) समस्या (b) नुकसान भरपाई
   (c) समस्या-निवारण (d) पत्र के फॉन्ट

16. ___के बिना एक-दूसरे के साथ संवाद करना असंभव है।
   (a) आवाज (b) हाथ
   (c) फोन (d) संवाद कौशल

17. ___ एक ऐसी तकनीक है, जिसमें पाठ सामग्री में बदलाव शामिल होता है, जबकि पाठ सामग्री का सार समान रहे।
   (a) संक्षिप्त व्याख्या (b) उद्धरण करना
   (c) टिप्पणी-लेखन (d) सारांश निकालना

18. आप अस्पताल के सामने की मेज पर रिसेप्शनिस्ट हैं। आपातकालीन दुर्घटना का एक मामला कुछ लोगों द्वारा लाया जाता है। आप क्या करेंगे?
   (a) पहले प्रवेश प्रक्रिया को पूरी करेंगे और फिर ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर को बुलायेंगे
   (b) ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर को बुलायेंगे साथ-साथ प्रवेश प्रक्रिया को आरम्भ करेंगे
   (c) पुलिस को सूचित करेंगे और पुलिस के आने के लिए प्रतीक्षा करेंगे
   (d) ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर को बुलायेंगे, पुलिस को सूचित करेंगे और साथ-साथ प्रवेश प्रक्रिया को आरम्भ करेंगे

19. आपके आवासीय क्षेत्र में एक आक्रामक आवारा कुत्ता है। आपके बार-बार अनुरोध करने के बाद भी कि ऐसा न करें, आपके पड़ोसी में से एक इस कुत्ते को आपके घर के सामने भोजन खिलाता है, जिससे यह आपके लिए मुसीबत पैदा करता है। आप क्या करेंगे?
   (a) कुत्ते को भगाएँगे
   (b) पड़ोसी के साथ लड़ेंगे और दुर्व्यवहार करेंगे
   (c) पड़ोसी को कानून के बारे में बताएँगे, उससे अनुरोध करें कि वह आपके घर के सामने भोजन न दे और यदि आवश्यक हो, तो पुलिस को शिकायत दर्ज करेंगे
   (d) कुत्ते को मार डालेंगे

20. आप सड़क पर जा रहे हैं। अचानक दो लोगों के बीच लड़ाई हो जाती है। आप क्या करेंगे?
   (a) अपने-आप को बचाने की कोशिश करेंगे
   (b) पुलिस को बुलाएँगे और घटना के बारे में सूचित करेंगे
   (c) वहाँ खड़े होकर अपने दोस्त के वास्ते इसे अपलोड करने के लिए एक वीडियो बनाएँगे
   (d) समस्या का पता लगाने और हस्तक्षेप करने की कोशिश करेंगे

21. आप किराने का सामान खरीदने के लिए एक दुकान पर जाते हैं और एक रसीद माँगते हैं। रसीद जारी करने के लिए दुकानदार कर के रूप में अतिरिक्त पैसा माँगता है। आप क्या करेंगे?
   (a) करों का भुगतान करेंगे और रसीद प्राप्त करेंगे
   (b) किराने का सामान लेकर बिना रसीद के घर जाएँगे
   (c) आपको कम भुगतान करके सामान प्राप्त करने की खुशी होगी
   (d) अपने दोस्तों को बताएँगे कि उचित रसीद न लेने के कारण कम कीमत के लिए वस्तुएँ कैसे प्राप्त करें।

22. आप एक बस में यात्रा कर रहे हैं। एक बुजुर्ग आदमी बस में सवार होता है, लेकिन बैठने की कोई सीट उपलब्ध नहीं है। आप क्या करेंगे?
   (a) बुजुर्ग आदमी को नजर अंदाज करेंगे और कही और देखेंगे
   (b) कंडक्टर को बुजुर्ग आदमी के लिए सीट ढूँढने के लिए कहेंगे
   (c) अपनी सीट छोड़कर बुजुर्ग आदमी को बैठने के लिए कहेंगे
   (d) बुजुर्ग आदमी को अगले स्टॉप पर उतरने का सुझाव देंगे क्योंकि बस में भीड़ है

GS World Committed To Excellence

23. आप और आपका परिवार अपने बेटे के संगीत कार्यक्रम में भाग लेने के लिए एक सभागर में जा रहे हैं, लेकिन यातायात के मुद्दों के कारण अटक जाते हैं और देर से पहुँचने की उम्मीद करते हैं। बैठने की सेवा पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर है। आपका एक दोस्त, जो वहाँ पर मौजूद है, सामने की पंक्तियों में जगह बनाने में सक्षम है। आप क्या करेंगे?

(a) अपने मित्र को फोन करेंगे और उससे आप और आपके परिवार के लिए सीटें सुरक्षित करवाएँगे

(b) सभागार तक पहुँचेंगे और सामने की पंक्ति की सीटों की व्यवस्था करने के लिए अधिकारियों से लड़ेंगे

(c) सभागार तक पहुँचेंगे और जहाँ कहीं सीटें उपलब्ध होंगी, बैठेंगे

(d) अग्रिम पंक्ति के सीट को सुनिश्चित करने हेतु समय पर सभागार तक पहुँचने के लिए यातायात सिगंल के उल्लंघन का प्रयास करेंगे

24. आप एक आयोजित परीक्षा में परीक्षक हैं। आपको संदेह है कि कोई छात्र किसी अन्य छात्र के उत्तर-पत्र में देखने की कोशिश कर रहा है। आप क्या करेंगे?

(a) आप जोर से चिल्लाएँगे ताकि छात्र नकल करने का प्रयास नहीं करे

(b) आप परीक्षा कक्ष में छात्र को दूसरे स्थान में स्थानांतरित करेंगे

(c) पास के छात्रों को अपने संदेह के बारे में बताएँगे और उन्हें अपने उत्तर-पत्र से सावधानी बरतने के लिए कहेंगे

(d) सम्बन्धित छात्र को सतर्कता के तहत रखेंगे और सत्यापित करेंगे कि क्या आपका संदेह वास्तव में सच है

25. आप एक कक्षा में पढ़ा रहे हैं। एक छात्र उठता है और एक सवाल पूछता है जिसका आपको सही जवाब नहीं पता है। आप क्या करेंगे?

(a) आप कक्षा की कार्यवाही को बाधित करने की कोशिश करने के लिए छात्र को डाँटेंगे

(b) आप गोलमोल तरीके से इस सवाल को जवाब देने की कोशिश करेंगे ताकि छात्र यह न सोच सके कि आपको उत्तर नहीं पता है

(c) आप एक काउंटर प्रश्न पूछेंगे और उससे अधिक पढ़ने के लिए कहेंगे

(d) आप छात्र को बताएँगे कि फिलहाल आपको जवाब नहीं पता है लेकिन आप उसके लिए एक जवाब खोजने का प्रयास करेंगे

26. आप एक पुलिस अधिकारी हैं। एक आदमी शिकायत करता है कि उसने अपनी बेटी के ससुराल में दहेज का भुगतान किया है और उसकी बेटी घरेलू हिंसा का शिकार है। आप क्या करेंगे?

(a) आप जाकर ससुराल वालों को तुरंत गिरफ्तार कर लेंगे

(b) तहकीकात करेंगे और यदि आवश्यक हो, तो ही ससुराल वालों को गिरफ्तार करेंगे

(c) तहकीकात करेंगे और यदि आवश्यक हो, तो ही ससुराल वालों को गिरफ्तार करेंगे और दहेज को भुगतान करने के लिए व्यक्ति के खिलाफ कार्यवाही करेंगे

(d) व्यक्ति को सलाह देंगे और उसे बेटी के बेहतर भविष्य के लिए उसकी बेटी के ससुराल वालों से बात करने के लिए कहेंगे

27. आपके सहकर्मियों में से एक यह सोचती है कि उसका अधिकारी द्वारा उत्पीड़न किया जा रहा है। आप क्या करेंगे?

(a) आप स्थिति को समझने की कोशिश करेंगे और केवल अगर आप भी समान महसूस करते हैं, उसे उपर्युक्त अधिकारियों के पास जाने के लिए कहेंगे

(b) आप स्थिति को समझने की कोशिश करेंगे, उसे आपकी राय के बारे में बताएँगे और सुझाव देंगे कि वह उचित अधिकारियों के पास जाने के लिए तुरंत निर्णय लेने का फैसला करे

(c) आप उसे स्थिति के साथ सहन करने के लिए कहेंगे क्योंकि उससे उसकी बदनामी हो जाएगी

(d) आप दूसरों को अपने सहकर्मी के बारे में बताएँगे जिससे कि अन्य सावधानी बरतें

28. एक कूट भाषा में यदि TINY को RGLW के रूप में लिखा जाता है, तो उसी भाषा में ZEBRA किस रूप में लिखा जाएगा?

(a) XCZYP

(b) XCZPY

(c) XZCPY

(d) XZCYP

29. यदि LAMP को 30-52-28-22 के रूप में लिखा जाता है, तो TOY किस रूप में लिखा जाएगा?

(a) 14-24-4

(b) 20-15-25

(c) 14-4-24

(d) 20-25-15

GS World Committed To Excellence

निर्देश (प्रश्न सं. 30 और 31): निम्नलिखित में (::) के दोनों तरफ दी गई जानकारी के बीच समान संबंध है। इन सवालों में अनुपलब्ध जानकारी के लिए सबसे उपर्युक्त विकल्प खोजें।

30. 16 : 64 :: 40 : ?
(a) 4
(b) 40
(c) 400
(d) 4000

31. PITY : 35 :: NOTE : ?
(a) 27
(b) 37
(c) 54
(d) 74

32. 250 छात्रों की एक कक्षा में 90% छात्रों ने राजू के नीचे रैंक किया है। राजू के ऊपर कितने छात्रों का रैंक है?
(a) 23
(b) 24
(c) 25
(d) 26

33. 50 छात्रों की एक कक्षा में रघु का रैंक, पॉल के रैंक की दोगुनी है। 10 छात्र हैं, जो रघु की तुलना में बदतर रैंक पर हैं। पॉल का कक्षा में रैंक है
(a) 5वीं
(b) 10वीं
(c) 15वीं
(d) 20वीं

34. उमर समय से 30 मिनट पहले बैठक की जगह पर पहुँच गया। अरबिंद बैठक के लिए 45 मिनट देर से पहुँचा। अरविंद के बैठक में पहुँचने के 30 मिनट बाद 11:00 a.m. पर बैठक समाप्त हुई। बैठक के लिए उमर किस समय पहुँचा?
(a) 9:00 a.m. (b) 9:15 a.m.
(c) 9:30 a.m. (d) 9:45 a.m.

35. एक घड़ी प्रतिदिन 12 मिनट आगे बढ़ जाती है। अगर घड़ी सोमवार को 7:00 a.m. पर 5 मिनट तक धीमी रही, तो उसी घड़ी में अगले सोमवार को 7:00 p.m पर क्या समय होगा?
(a) 5:25 p.m. (b) 5:30 p.m.
(c) 8:25 p.m. (d) 8:30 p.m.

36. यह देखा गया है कि 1 जनवरी, 2023 रविवार है। किस साल में फिर से 1 जनवरी, रविवार को आएगी?
(a) 2029 (b) 2030
(c) 034 (d) 2037

**निर्देश (प्रश्न सं. 37 से 41) :** निम्नलिखित लेखांश को पढ़ें और अंत में दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें। इन प्रश्नों के उत्तर लेखांश पर आधारित होने चाहिए।

लोक सभा सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार के आधार पर प्रत्यक्ष चुनाव द्वारा चुने गए लोगों के प्रतिनिधियों से बना है। सदन में सदस्यों की अधिकतम संख्या 552 है-राज्यों के प्रतिनिधित्व के लिए 530 सदस्य, केन्द्रशासित प्रदेशों के प्रतिनिधित्व के लिए 20 सदस्य और राष्ट्रपति द्वारा नामित ऐंग्लों-भारतीय समुदाय के 2 सदस्य। वर्तमान में, सदन में सदस्यों की संख्या 545 है। लोक सभा की अवधि, जब तक भंग नहीं हो जाती, अपनी पहली बैठक के लिए नियत तिथि से पाँच वर्ष है। हालांकि, जब देश में आपातकाल की स्थिति लागू हो, तो इस अवधि को संसद द्वारा नियम पारित करने के उपरांत एक बार में एक वर्ष से अधिक नहीं बढ़ाया जा सकता है और किसी भी परिस्थिति में आपातकाल समाप्त होने पर छह महीने की अवधि से अधिक नहीं बढ़ाया जा सकता है। प्रत्येक लोक सभा चुनाव के उपरांत, राष्ट्रपति उस राजनीतिक दल या दलों के गठबंधन को आमंत्रित करते हैं, जिसके पास सरकार बनाने के लिए नए चुने गए सदस्यों का बहुमत हो।

37. लोक सभा में वर्तमान में सदस्यों की संख्या और अधिकतम सदस्यों की संख्या है, क्रमश:
(a) 530 और 545
(b) 545 और 530
(c) 552 और 545
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

38. प्रत्यक्ष चुनाव के द्वारा चुने गए लोक सभा के सदस्यों की संख्या वर्तमान में है
(a) 545
(b) 543
(c) 530
(d) लेखांश से कोई निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता है

39. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?
(a) प्रत्यक्ष चुनाव के द्वारा चुने गए ऐंग्लो-भारतीय समुदाय के 2 सदस्य हो सकते हैं।
(b) प्रत्यक्ष चुनाव के द्वारा चुने गए केन्द्रशासित प्रदेशों के 20 सदस्य और ऐंग्लो-भारतीय समुदाय के 2 सदस्य होते हैं।
(c) प्रत्यक्ष चुनाव के द्वारा चुने गए केन्द्रशासित प्रदेशों के 20 सदस्य और राष्ट्रपति के द्वारा नामित ऐंग्लो-भारतीय समुदाय के 2 सदस्य होते हैं।
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

GS World Committed To Excellence

40. जब आपातकाल की घोषणा लागू हो, तो लोक सभा के कार्यकाल को बढ़ाया जा सकता है

(a) राष्ट्रपति के द्वारा

(b) संसद के द्वारा

(c) प्रत्यक्ष चुनाव के द्वारा

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

41. उपर्युक्त लेखांश के आधार पर निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?

(a) लोक सभा में सरकार बनाने के लिए लोगों का जनादेश महत्त्वपूर्ण है।

(b) बिना निमंत्रण के अधिकांश सदस्य मिलकर सरकार बना सकते हैं।

(c) लोक सभा का कार्यकाल किसी भी परिस्थिति में नहीं बढ़ाया जा सकता है।

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**निर्देश** (प्रश्न सं. **42** से **46**)**:** निम्नलिखित लेखांश को पढ़ें और अंत में दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें। इन प्रश्नों के उत्तर लेखांश पर आधारित होने चाहिए।

किसी भी अर्थव्यवस्था को उत्पादक गतिविधि की प्रकृति के आधार पर तीन क्षेत्रों में अर्थात् कृषि, उद्योग और सेवाओं में विभाजित किया जा सकता है। स्वतंत्रता पाने के अवसर पर, भारत की अर्थव्यवस्था में कृषि के योगदान का प्रभुत्व था, जो सकल घरेलू उत्पाद का 52% था, इसके बाद सेवाओं का योगदान 34% था और उद्योग का 14% था। तब से गत 70 वर्षों में, अर्थव्यवस्था की संरचना में महत्त्वपूर्ण परिवर्तन आया है और अब कृषि का योगदान मात्र 17%, उद्योग का 29% और सेवाओं का 54% रह गया है। इस प्रकार भारत एक कृषि-संचालित अर्थव्यस्था से एक सेवा-संचालित अर्थव्यवस्था बन गया है। सामान्यत: एक अर्थव्यवस्था में कृषि के कम योगदान की तुलना में सेवाओं का योगदान अधिक होना एक विकसित अर्थव्यवस्था के लक्षण हैं। यह मानक भारतीय अर्थव्यवस्था के विषय में मान्य है, परन्तु भारत को केवल एक विकासशील अर्थव्यवस्था माना जा सकता है क्योंकि भारत में सेवा क्षेत्र का अधिकतम भाग निम्न उत्पादकता, श्रमिक सेवाओं से बना है, उच्च प्रौद्योगिकी मूल्यवर्धन सेवाओं से नहीं। अधिकांश विकसित देशों का कृषि-प्रधान अर्थव्यवस्थाओं से औद्योगिक अर्थव्यवस्थाओं में परिवर्तन हुआ, और उसके पश्चात् ही सेवा-प्रधान अर्थव्यवस्था बने। इन देशों में कृषि क्षेत्र में बढ़ती उत्पादकता के कारण बेरोजगार या अल्प रोजगार वाले श्रमिकों को बड़े पैमाने पर औद्योगिकीकरण होने से रोजगार के अवसर मिले। अपितु, भारत में, उद्योग के योगदान में केवल 14% से 29% की वृद्धि हुई है, और इस कारण अतिरिक्त श्रमिकों को कृषि से हटकर कम आय देने वाली सेवाओं में रोजगार लेने को विवश होना पड़ा है।

42. स्वतंत्रता के समय से वर्तमान तक सकल घरेलू उत्पाद में कृषि क्षेत्र का योगदान

(a) 35% घटा है

(b) दोगुना घटा

(c) दोगुना से अधिक घटा

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

43. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

(a) स्वतंत्र होने के समय, भारतीय अर्थव्यवस्था को एक विकासशील अर्थव्यवस्था माना जा सकता था क्योंकि कृषि का योगदान, सेवाओं से अधिक था।

(b) वर्तमान में भारतीय अर्थव्यवस्था को एक विकसित अर्थव्यवस्था माना जा सकता है क्योंकि सेवाओं का योगदान कृषि से अधिक है।

(c) वर्तमान में भारतीय अर्थव्यवस्था को एक विकासशील अर्थव्यवस्था माना जा सकता है क्योंकि सेवाओं का योगदान कृषि से अधिक है।

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

44. भारतीय अर्थव्यवस्था के सेवा क्षेत्र के सन्दर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?

(a) सेवा क्षेत्र केवल निम्न उत्पादकता, श्रमिक सेवाओं से बना है, उच्च प्रौद्योगिकी मूल्यवर्धक सेवाओं से नहीं।

(b) सेवा क्षेत्र निम्न उत्पादकता, श्रमिक सेवाओं और उच्च प्रौद्योगिकी मूल्यवर्धक सेवाओं दोनों से बना है, पर दोनों का योगदान अलग है।

(c) सेवा क्षेत्र का अधिकतम भाग उच्च प्रौद्योगिकी मूल्यवर्धक सेवाओं से बना है, निम्न उत्पादकता, श्रमिक सेवाओं से नहीं।

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

45. भारत को अभी भी एक विकासशील अर्थव्यवस्था माना जाता है, क्योंकि

(a) भारतीय अर्थव्यवस्था मुख्यत: कृषि-प्रधान अर्थव्यवस्था है

(b) अर्थव्यवस्था में उद्योग का योगदान 29% है

(c) उच्च प्रौद्योगिकी मूल्यवर्धक सेवाओं के बजाय श्रमिक सेवा गतिविधि पर बड़ी निर्भरता है

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

46. लेखांश के आधार पर निम्नलिखित में से कौन-सा निष्कर्ष निकाला जा सकता है?

(a) उद्योग के योगदान में 14% से केवल 29% वृद्धि होने के कारण बड़े पैमाने पर औद्योगिकीकरण नहीं हुआ है।

(b) कृषि क्षेत्र के अतिरिक्त श्रमिकों को सेवाओं में रोजगार में लेना पड़ा है।

(c) उपर्युक्त दोनों

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

47. भारत सरकार ने 'स्वच्छ गंगा' नामक कार्यक्रम शुरू किया, क्योंकि
(a) गंगा एक पवित्र नदी है
(b) दूषित गंगाजल से संक्रामक रोग फैल सकता है
(c) भूजल पीने के लिए नहीं इस्तेमाल किया जा सकता है
(d) इससे अधिक पर्यटकों को आकर्षित किया जा सकता है

48. क्या कोयले द्वारा संचालित सभी ट्रेन इंजनों को विद्युत इंजन में परिवर्तित किया जाना चाहिए?
(a) हाँ, कोयला इंजन, विद्युत इंजन से ज्यादा पर्यावरण प्रदूषित करते हैं।
(b) हाँ, विद्युत इंजन अधिक शक्तिशाली और कार्यक्षम हैं।
(c) नहीं, घरेलू उपयोग की आवश्यकता को पूरा करने के लिए हमारे पास पर्याप्त बिजली नहीं है।
(d) नहीं, हमारे पास ट्रेन इंजन चलाने के लिए पर्याप्त कोयले हैं।


49. भारतीय ध्वज में तिरंगा का अनुक्रम ऊपर से नीचे तक निम्नलिखित में से किसमें है?
(a) केसरिया, 24-डण्डे वाले चक्र के साथ सफेद, हरा
(b) हरा, 24-डण्डे वाले चक्र के साथ सफेद, केसरिया
(c) केसरिया, 22-डण्डे वाले चक्र के साथ
(d) हरा, 22-डण्डे वाले चक्र के साथ सफेद, केसरिया

50. कुछ चूजें, मुर्गियाँ हैं। सभी चूजे, पक्षी हैं। मादा पक्षी अंडे देते हैं। सभी अंडे में जननक्षमता नहीं है। इस विषय में निम्नलिखित में से कौन-सा तर्कसंगत है?
(a) सभी पक्षी अंडे नहीं देते।
(b) कुछ चूजे, मुर्गियाँ नहीं हैं।
(c) सभी पक्षी, मुर्गियाँ हैं।
(d) सभी अंडे जननक्षम हैं।

51. एक कूट भाषा में यदि FRIEND को HUMJTK के रूप में लिखा जाता है, तो उसी भाषा में BHOPAL किस रूप में लिखा जाएगा?
(a) DJQRCN (b) CJRTEQ
(c) DKSUGS (d) DLSVHT

52. पाँच लोग किराए पर लेने वाले मकान की कीमत समान रूप से साझा करने की योजना बना रहे हैं। यदि एक व्यक्ति इस समझौते से हट जाता है, तब शेष बचे लोग इस मकान के पूरे किराये को समान रूप से साझा करते हैं। इस स्थिति में शेष व्यक्तियों का हिस्सा कितना बढ़ जाएगा?
(a) 4% (b) 5%
(c) 6% (d) 7%

53. निम्न पर विचार करें:




लुप्त संख्या ज्ञात करें।
(a) 12 (b) 13
(c) 14 (d) 15

54. भारत द्वारा चाबहार बंदरगाह के विकास का क्या महत्त्व है?
(a) अफ्रीकी देशों के साथ भारत का व्यापार बहुत बढ़ जाएगा।
(b) तेल उत्पादक अरब देशों के साथ भारत के सम्बन्धों को मजबूत किया जाएगा।
(c) भारत, अफगानिस्तान और मध्य एशिया तक पहुँच के लिए पाकिस्तान पर निर्भर नहीं रहेगा।
(d) पाकिस्तान, इराक और भारत के बीच गैस पाइपलाइन की स्थापना की सुविधा और रक्षा करेगा।

55. लोक सभा के चुनाव के लिए किसके द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किया जा सकता है?
(a) भारत में रहने वाला कोई भी
(b) निर्वाचन क्षेत्र का एक निवासी, जहाँ से चुनाव लड़ा जा रहा है
(c) 30 वर्ष से कम की आयु के प्रवासी भारतीय
(d) 30 वर्ष की उम्र के भारत के नागरिक

56. स्कूल के प्रधानाध्यापक को स्कूल के परिसर में अवकाश के दौरान डराने-धमकाने के बारे में माता-पिता से कई शिकायतें मिलीं। वे इस मामले की जाँच करना और अपराधी को ढूँढना चाहते हैं। इसलिए, वे अपने शिक्षकों में से एक को अवकाश के दौरान छात्रों की देखभाल का निर्देश देते हैं। अध्यापक को किस स्थिति के बारे में प्रधानाध्यापक को रिपोर्ट करना चाहिए?
(a) एक अकेली लड़की पेड़ के नीचे बैठी हुई है और रो रही है।
(b) चार लड़के बलपूर्वक एक अन्य लड़के के बैग को खोलने की कोशिश कर रहे हैं।
(c) पाँच लड़कियाँ पकड़ो और फेंको खेल रही हैं।
(d) तीन लड़के एक मोबाइल फोन पर झुण्ड बनाये हुए हैं, जो स्कूल परिसर में नहीं होना चाहिए।

GS World Committed To Excellence

57. 'विद्यांजलि योजना' का उद्देश्य क्या है?

(a) प्रसिद्ध विदेशी शैक्षिक संस्थानों को भारत में अपने परिसर खोलने के लिए सुगमता प्रदान करना

(b) सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए निजी क्षेत्र और समुदाय से सहायता लेना

(c) निजी व्यक्तियों और संगठनों से स्वैच्छिक मौद्रिक योगदान को प्रोत्साहित करना ताकि प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों के लिए आधारभूत सुविधाओं में सुधार किया जा सके

(d) विदेश में अपने परिसर खोलने के लिए भारतीय शैक्षिक संस्थानों को सुगमता प्रदान करना

58. भारत में 'मतदान का अधिकार' है एक

(a) मौलिक अधिकार

(b) प्राकृतिक अधिकार

(c) संवैधानिक अधिकार

(d) कानूनी अधिकार

59. निम्नलिखित में से कौन-सा 'राष्ट्रीय पोषण मिशन' का उद्देश्य नहीं है?

(a) गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं के बीच कुपोषण से सम्बन्धित जागरूकता पैदा करना

(b) युवा बच्चों, किशोर लड़कियों और महिलाओं में ऐनीमिया को कम करना

(c) बाजरा, मोटे अनाज और अपरिमार्जित चावल की खपत को बढ़ावा देना

(d) मुर्गी अंडे की खपत को बढ़ावा देना

60. A3P का मतलब A, P की माँ है। A4P का मतलब A, P का भाई है। A9P का मतलब A, P का पति है। A5P का मतलब A, P की बेटी है। निम्नलिखित में से किसका मतलब है कि K, M की सास है और J, M का साला/जीजा है?

(a) M9N3K4J

(b) M9N5K3J

(c) K5J9M3N

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**निर्देश** (प्रश्न सं. **61** से **65**)**:** निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न में पहले एक कथन है और उसके नीचे दो पूर्वधारणा I और II दिए गए हैं। आपको पूर्वधारणाओं पर विचार करके तय करना है कि उनमें से कौन-सा/से दिए गए कथन में निहित है/हैं?

61. अंतर्राष्ट्रीय सौर ऊर्जा गठबंधन, सौर ऊर्जा भंडारण लागत को कम करने की कोशिश करता है।

पूर्वधारणा I :

R & D के प्रचार, खासकर कुशल भंडारण प्रणालियों के क्षेत्र में।

पूर्वधारणा II :

सदस्य सौर ऊर्जा उत्पादन बढ़ाने के लिए कानूनी रूप से बाध्य होंगे।

(a) पूर्वधारणा I प्रभावशाली है

(b) पूर्वधारणा II प्रभावशाली है

(c) पूर्वधारणाएँ I और II दोनों प्रभावशाली हैं

(d) न तो पूर्वधारणा I और न ही पूर्वधारणा II प्रभावशाली है

62. कक्षा में एक भौतिक-विज्ञान के शिक्षक ने एच. सी. वर्मा द्वारा लिखित कॉन्सेप्ट्स ऑफ फिजिक्स की एक प्रति रखने के लिए घोषणा की।

पूर्वधारणा I:

किताब : अच्छी तरह से लिखा है।

पूर्वधारणा II:

प्रत्येक छात्र यह किताब खरीदने में समर्थ है।

(a) पूर्वधारणा I प्रभावशाली है

(b) पूर्वधारणा II प्रभावशाली है

(c) पूर्वधारणाएँ I और II दोनों प्रभावशाली हैं

(d) न तो पूर्वधारणा I और न ही पूर्वधारणा II प्रभावशाली है

63. सभी सरकारी इंजीनियरिंग और मेडिकल कॉलेजों से शिक्षण शुल्क समाप्त कर दिया जाना चाहिए

पूर्वधारणा I : कॉलेजों को सरकार से प्रर्याप्त वित्तीय सहायता प्राप्त है।

पूर्वधारणा II : सभी योग्य छात्रों को जाति, धर्म और आर्थिक पृष्ठभूमि के बावजूद मुफ्त शिक्षा मिलनी चाहिए।

(a) पूर्वधारणा I प्रभावशाली है

(b) पूर्वधारणा II प्रभावशाली है

(c) पूर्वधारणाएँ I और II दोनों प्रभावशाली हैं

(d) न तो पूर्वधारणा I और न ही पूर्वधारणा II प्रभावशाली है

64. प्रदूषण में भारी वृद्धि अब तक वैश्विक घटना है।

पूर्वधारणा I :

सभी देशों ने इसे एहसास किया और नियंत्रण की दिशा में काम कर रहे हैं।

पूर्वधारणा II :

बढ़ती आबादी, उद्योग, राजमार्ग और निर्माण अब नियंत्रण से परे हैं।

(a) पूर्वधारणा I प्रभावशाली है
(b) पूर्वधारणा II प्रभावशाली है
(c) पूर्वधारणाएँ I और II दोनों प्रभावशाली हैं
(d) न तो पूर्वधारणा I और न ही पूर्वधारणा II प्रभावशाली है

65. तपेदिक (टी. बी.) अब एक महामारी की तरह है।

पूर्वधारणा I

पोलियों जैसे रोगों के पूर्ण उन्मूलन के लिए सरकार को काम करना चाहिए।

पूर्वधारणा II :

तपेदिक एक गंभीर बीमारी नहीं है और इसका उपचार उपलब्ध है।

(a) पूर्वधारणा I प्रभावशाली है
(b) पूर्वधारणा II प्रभावशाली है
(c) पूर्वधारणाएँ I और II दोनों प्रभावशाली हैं
(d) न तो पूर्वधारणा I और न ही पूर्वधारणा II प्रभावशाली है

66. एक कॉलेज सर्वेक्षण में 3/16 छात्र ने कहा कि वे अपने मोबाइल बिलों का भुगतान करने के लिए ऑनलाइन विधि पसंद करते हैं, 5/8 ने कहा कि वे बिल भुगतान करने के लिए मोबाइल शॉप में जाना पसंद करते हैं। शेष 75 छात्रों ने कहा कि उनकी कोई स्पष्ट पसंद नहीं है। कितने छात्रों ने ऑनलाइन विधि पसंद की और छात्रों की कुल संख्या कितनी है?

(a) 75 और 400
(b) 125 और 300
(c) 75 और 300
(d) 150 और 400

67. युग्म 'पहले: बाद' निम्नलिखित में से किसके ठीक से सम्बन्धित है?

(a) प्रथम : द्वितीय
(b) भूतकाल : वर्तमान
(c) ऐतिहासिक : समकालीन
(d) पूर्वाधिकारी : उत्तराधिकारी


68. यदि 1 कपास का प्रतिनिधित्व करता है, 2 हल का प्रतिनिधित्व करता है, 3 मिल का प्रतिनिधित्व करता है, 4 कपड़े का प्रतिनिधित्व करता है और 5 बीच का प्रतिनिधित्व करता है, तो दिए गए संख्याओं को सार्थक तरीके से व्यवस्थित करें।





(a) 25314
(b) 52134
(c) 25134
(d) 52314

69. घर पर भोजन करना हमेशा बेहतर विकल्प होता है, क्योंकि होटल का भोजन

(a) बहुत महँगा होता है
(b) अस्वस्थवर्धक और बहुत मसालेदार होता है
(c) स्वादिष्ट और पोषण से भरा होता है
(d) उपर्युक्त सभी

70. श्रृंखला को क्रम में बनाने के लिए नीचे दिए गए प्रश्न-चिन्ह के लिए दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर खोजें:





(a) 
(b) 
(c) 
(d) 

71. निम्न अक्षरों के समूह में से कौन-सा एक अलग है?

(a) CEFH
(b) HJKN
(c) PRSU
(d) UWXZ


72. नीचे दिए गए प्रश्न-चिन्ह को कौन-सी संख्या से बदलना चाहिए?





(a) 4
(b) 6
(c) 8
(d) 10



GS World
Committed To Excellence

73. प्रश्न-चिन्ह के लिए सही विकल्प खोजें:






उत्तर आकृति


(a)  (b) 

(c)  (d) 

74. निम्न विकल्पों में कौन-सा रिक्त वर्ग है?




(a)  (b) 

(c)  (d) 

75. यदि △⬠ = 9, ◬ = 27, ⧈ = 81, तो ◬ ⧈ = ?

(a) 283
(b) 382
(c) 823
(d) 621

76. निम्न आकृति में कितने आयत मौजूद हैं?



(a) 39
(b) 36
(c) 38
(d) 40

**निर्देश** (प्रश्न सं. 77 से 80) : निम्नलिखित लेखांश को पढ़ें और अंत में पूछे गए प्रश्नों का उत्तर दे। प्रश्नों के उत्तर लेखांश पर आधारित होने चाहिए।

एक स्वास्थ्य और दीर्घ जीवन के लिए कुछ महत्त्वपूर्ण मानक हैं- शिशु मृत्यु दर और माताओं की प्रसवोत्तर मृत्युओं को कम करने के लिए प्रसवपूर्व और प्रसवोत्तर स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता, वृद्धावस्था में स्वास्थ्य सेवाएँ और व्यक्तिगत पर्याप्त पोषण और सुरक्षा। भारत की यह उपलब्धि रही है कि कुछ मानकों में काफी सुधार हुआ है, जैसे मृत्यु दर सन् 1951 में 25.1 प्रतिहस्त्र से 1999 में 8.1 प्रतिसहस्र तक गिरी थी, और इसी अवधि में शिशु मृत्यु दर 148 प्रतिसहस्र से 70 हो गई थी। इसी प्रकार जन्म के समय पुरूषों की जीवन प्रत्याशा को 1951 में 37.1 वर्ष से 1999 में 62.3 वर्ष तक सुधारने में सफल रहा है। हालांकि ये बहुत बड़ी उपलब्धियाँ हैं, अभी भी बहुत कुछ करने की आवश्यकता है। इस प्रकार इसी अवधि में जन्म दर को 40.8 से 26.1 लाने में सफलता मिली है, परन्तु यह अभी भी कई विकसित देशों से बहुत अधिक है।

लैंगिक और ग्रामीण तथा शहरी स्वास्थ्य सूचकों के संदर्भ में देखा जाए तो स्थिति और भी चिंताजनक है। भारत में महिला लिंग अनुपात में भारी कमी हुई। 2001 की जनगणना के निष्कर्ष, विशेष रूप से 0-6 आयु समूह के बीच बाल लिंग अनुपात के विषय में, अत्यंत चिंताजनक हैं। उस विश्लेषण के कुछ अन्य महत्त्वपूर्ण परिणाम हैं कि केरल को छोड़कर सभी राज्यों में बाल लिंग अनुपात घट गया है और यह हरियाणा एवं पंजाब जैसे विकसित राज्यों में सबसे अधिक चिंताजनक है, जहाँ यह संख्या 800 बालिकाएँ प्रतिसहस्र बालकों तक गिर गया है।

77. निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) प्रसवपूर्व और प्रसवोत्तर स्वास्थ्य सुविधाएँ शिशु मृत्यु दर तथा माताओं की प्रसवोत्तर मृत्युओं को कम करने के लिए सहाई हैं।
(b) प्रसवपूर्व और प्रसवोत्तर स्वास्थ्य सुविधाएँ शिशु मृत्यु दर तथा माताओं की प्रसवोत्तर मृत्युओं एवं वृद्धों की मृत्युओं को कम करने के लिए सहाई हैं।
(c) उपर्युक्त दोनों
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

78. 1951 और 1999 के अंतराल में मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर में कमी थी, क्रमशः

(a) दोगुना और तिगुना से अधिक
(b) तिगुना और दोगुना से अधिक
(c) तिगुना और तिगुना से अधिक
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

GS World Committed To Excellence

79. जन्म के समय जीवन-प्रत्याशा के विषय में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:-

(I) 1951 में यह पुरूषों के लिए स्त्रियों से अधिक था और 1999 में यह स्त्रियों के लिए पुरूषों से अधिक था।

(II) 1951 से 1999 के अन्तराल में यह पुरूषों और स्त्रियों दोनों के लिए बढ़ा है।

दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए

(a) केवल कथन (I) वैध है
(b) केवल कथन (II) वैध है
(C) दोनों कथन वैध है
(b) दोनों कथन वैध नहीं है

80. केरल में बाल लिंग अनुपात पंजाब ____ है।

(a) से अधिक
(b) से कम
(c) के समान
(d) लेखांश से कोई निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता है

**निर्देश** (प्रश्न सं. **81** से **85**)**:** दिए गए गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

**गद्यांश-1**

काशी संस्कृति की पाठशाला है। शास्त्रों के आनंदकानन के नाम से प्रतिष्ठित काशी में कलाधर हनुमान व नृत्य विश्वनाथ हैं। काशी में बिस्मिल्ला खाँ हैं। काशी में हजारों सालों का इतिहास है जिसमें पंडित कंठे महाराज हैं, विद्याधरी हैं, बड़े रामदास जी हैं, मौजुद्दीन खाँ हैं व इन रसिकों से उपकृत होने वाला अपार जनसमूह है। काशी में संगीत आयोजन एक प्राचीन एवं अद्भुत परम्परा है। यह आयोजन पिछले कई बरसों से दक्षिण भाग में स्थित संकटमोचन मंदिर में होता आया है। इसमें बिस्मिल्ला खाँ की श्रद्धा काशी विश्वनाथ जी के प्रति भी अपार है। वे जब भी काशी से बाहर रहते हैं तब विश्वनाथ व बालाजी मंदिर की दिशा में मुँह करके बैठते हैं, थोड़ी देर ही सही, मगर उसी ओर शहनाई का प्याला घुमा दिया जाता है और भीतर की आस्था मुखरित हो उठती है।

81. काशी किसकी पाठशाला है?

(a) कला (b) नृत्य
(c) संस्कृति (d) संगीत

82. काशी की प्रतिष्ठा शास्त्रों में किस नाम से है?

(a) आनंदकानन (b) अमरावती
(c) प्रयाग (d) त्रिवेणी

83. संकटमोचन मंदिर काशी में कहाँ स्थित है?

(a) शहर के दक्षिण में
(b) शहर के मध्य में
(c) शहर के पूर्व में
(d) शहर के संगम के पास

84. काशी में संगीत-सभा में कौन अवश्य ही उपस्थित रहता है?

(a) बिस्मिल्ला खाँ (b) विद्याधरी
(c) बड़े रामदास जी (d) मौजुद्दीन खाँ

85. बिस्मिल्ला खाँ की शहनाई का प्याला किस ओर घुमा दिया जाता है?

(a) विश्वनाथ व बालाजी मंदिर की दिशा की ओर
(b) लंका की ओर
(c) पूर्व दिशा की ओर
(d) काशी विश्वविद्यालय की ओर

**निर्देश** (प्रश्न सं. 86 से 90)**:** दिए गए गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

**गद्यांश-2**

भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस का पाँचवाँ अधिवेशन 1889 में मुंबई में आयोजित हुआ था। खचाखच भरे हॉल में देशभर के नेता एकत्र हुए थें। एक सुंदर युवती अधिवेशन को संबोधित करने के लिए उठी। हॉल में लाउडस्पीकर न थे। पीछे बैठे हुए लोग उस युवती की आवाज नहीं सुन पा रहे थे। वे आगे की ओर बढ़ने लगे। यह देखकर युवती ने कहा, ''भाइयों मुझे क्षमा कीजिए। मेरी आवाज आप तक नहीं पहुँच पा रही है। लेकिन इस पर मुझे आश्चर्य नहीं है। क्या अपने शताब्दियों तक कभी किसी महिला की आवाज सुनने की कोशिश की? क्या आपने उसे इतनी शक्ति प्रदान की कि वह अपनी आवाज को आप तक पहुँचने योग्य बन सके?'' प्रतिनिधियों के पास इन प्रश्नों के उत्तर न थे। इस साहसी युवती को अभी और बहुत कुछ कहना था। उनका नाम पंडिता रमाबाई था। उनके प्रयास से 1889 के उस अधिवेशन में 9 महिला प्रतिनिधि सम्मिलित हुई थीं। वे एक मूक प्रतिनिधि नहीं बन सकती थीं। विधवाओं को सिर मुँड़वाए जाने की प्रथा के विरोध में रखे गए प्रस्ताव पर उन्होंने एक जोरदार भाषण दिया। इस तरह उन्होंने नारी-मुक्ति आंदोलन की नींव रखी।

86. भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस का पाँचवाँ अधिवेशन कब आयोजित हुआ?

(a) 1989 (b) 1881
(c) 1889 (d) 1883

87. उस सुन्दर युवती का क्या नाम था?

(a) पंडिता रमाबाई (b) पंडिता सरोजिनी नायडु
(c) पंडिता लक्ष्मी सहगल (d) पंडिता कमला नेहरू

88. उस साहसी युवती के प्रयास से अधिवेशन में कितनी महिला प्रतिनिधियों ने भाग लिया?

(a) 7
(b) 8
(c) 9
(d) 10

Committed To Excellence

89. साहसी युवती ने किस प्रस्ताव पर जोरदार भाषण दिया?
(a) विधवाओं को सिर मुँड़वाए जाने की प्रथा के विरोध प्रस्ताव पर
(b) विधवाओं के पुनर्विवाह प्रस्ताव पर
(c) विधवाओं के सम्पत्ति के अधिकार प्रस्ताव पर
(d) विधवाओं के साथ दुर्व्यवहार के विरोध प्रस्ताव पर

90. नारी-मुक्ति आंदोलन की नीवं सर्वप्रथम किसने डाली?
(a) अरूणा नेहरू (b) कमला नेहरू
(c) पंडिता रमाबाई (d) सरोजिनी नायडु

**निर्देश ( प्रश्न सं. 91 से 95 ): दिए गए गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**गद्यांश-3**

एक संस्कृति व्यक्ति किसी नयी चीज की खोज करता है; किन्तु उसकी संतान को वह अपने पूर्वज से अनायास ही प्राप्त हो जाती है। न्यूटन ने गुरूत्वाकर्षण के सिद्धांत की खोज की। वह संस्कृति मानव था। हम आज के भौतिक-विज्ञान के विद्यार्थी को न्यूटन की अपेक्षा अधिक सभ्य भले ही कह सकें; पर न्यूटन जितना संस्कृति नहीं कह सकते। भौतिक-प्रेरणा, ज्ञानेप्सा-क्या ये दो ही मानव-संस्कृति के माता-पिता हैं? सुनते हैं रूस का भाग्य-विधाता लेनिन अपनी डेस्क में रखे हुए डबलरोटी के सूखे टुकड़े स्वयं न खाकर दूसरों को खिला दिया करता था। वह आखिर ऐसा क्यों करता था? संसार के मजदूरों को सुखी देखने का स्वप्न देखते हुए कार्ल मार्क्स ने अपना सारा जीवन दुख में बिता दिया। और इन सबसे बढ़कर आज नहीं, आज से ढाई हजार वर्ष पूर्व सिद्धार्थ ने अपना घर केवल इसलिए त्याग दिया कि किसी तरह तृष्णा के वशीभूत लड़ती-कटती मानवता सुख से रह सके। हमारी समझ से मानव-संस्कृति की जो योग्यता आविष्कार कराती है, खोज कराती है, नवीन जानकारी कराती है और किसी महामानव से सर्वस्व त्याग कराती है, वह संस्कृति है।

91. संस्कृति वह योग्यता है, जो
(a) नवीन आविष्कार कराती है
(b) नवीन खोज, जानकारी कराती है
(c) सर्वस्व त्याग कराती है
(d) उपर्युक्त सभी

92. गुरूत्वाकर्षण का सिद्धांत विज्ञान की किस शाखा से संबंधित है?
(a) जीव-विज्ञान
(b) रसायन-विज्ञान
(c) भौतिक-विज्ञान
(d) वनस्पति-विज्ञान

93. रूस का भाग्य-विधाता किसे कहा जाता है?
(a) लेनिन
(b) न्यूटन
(c) माओ-त्से-तुग
(d) कार्ल मार्क्स

94. कार्ल मार्क्स ने किसे सुखी देखने का स्वप्न देखा?
(a) जमींदारों को
(b) राजाओं को
(c) मजदूरों को
(d) राजनीतिज्ञों को

95. सिद्धार्थ ने अपना घर क्यों त्याग दिया?
(a) ईश्वर-आराधना के लिए
(b) संन्यास-ग्रहण करने के लिए
(c) मानवता के सुख के लिए
(d) राजनीतिक मुक्ति के लिए

**निर्देश** (प्रश्न सं. **96** से **100**)**:** दिए गए गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

**गद्यांश-4**

हमारी हिन्दी सजीव भाषा है। इसी कारण, यह पहले अरबी, फारसी आदि के संपर्क में आकर उनके व अब बाद में अंग्रेजी के भी शब्द ग्रहण करती जा रही है। इसे दोष नहीं, गुण ही समझना चाहिए; क्योंकि अपनी इस ग्रहण शक्ति से हिन्दी अपनी वृद्धि कर रही है, ह्रास नहीं। ज्यों-ज्यों इसका प्रचार बढ़ेगा, त्यों-त्यों इसमें नए शब्दों का आगमन होता जाएगा। क्या भाषा की विशुद्धता के किसी भी पक्षपाती में यह शक्ति है कि वह विभिन्न जातियों के पारस्परिक संपर्क को न होने दे या भाषाओं की सम्मिश्रण-क्रिया में रूकावट पैदा कर दे? यह कभी सम्भव नहीं। उपर्युक्त प्रक्रियाएँ स्वाभाविक हैं। हमें तो केवल इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि इस सम्मिश्रण के कारण हमारी भाषा अपने स्वरूप को तो नष्ट नहीं कर रही-कहीं अन्य भाषाओं के बेमेल शब्दों के मिश्रण से अपना रूप तो विकृत नहीं कर रही। अभिप्राय यह है कि दूसरी भाषाओं के शब्द, मुहावरे आदि ग्रहण करने पर भी हिन्दी, हिन्दी ही बनी रही है या नहीं, बिगड़कर कहीं वह कुछ और तो नहीं होती जा रही?

96. इस अवतरण का सर्वाधिक उपयुक्त शीर्षक क्या हो सकता है?
(a) भाषा की सजीवता
(b) हिन्दी भाषा
(c) हिन्दी-सजीव भाषा
(d) भाषा-सम्मिश्रण

GS World Committed To Excellence

97. हिन्दी में नये शब्दों को अपनाते समय किस बात को ध्यान में रखना चाहिए?
   (a) हमारी भाषा इस सम्मिश्रण से अपना स्वरूप तो नष्ट नहीं कर रही
   (b) अन्य भाषाओं के बेमेल शब्दों से हमारी भाषा का रूप तो विकृत नहीं हो रहा
   (c) दूसरी भाषाओं के शब्दों, मुहावरों आदि के ग्रहण से हिन्दी बिगड़कर कहीं कुछ और तो नहीं होती जा रही
   (d) उपर्युक्त सभी

98. हिन्दी में नए शब्दों का आगमन क्यों उचित है?
   (a) सीमित शब्दकोष के कारण
   (b) प्राचीन भाषा होने के कारण
   (c) हिन्दी का प्रचार बढ़ने के कारण
   (d) देवनागरी लिपि के कारण

99. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?
   (a) हिन्दी में अरबी, फारसी के शब्द हैं।
   (b) हिन्दी में अंग्रेजी के शब्द हैं।
   (c) हिन्दी में और भी अनेक देशी-विदेशी भाषाओं के शब्द हैं।
   (d) उपर्युक्त सभी

100. हिन्दी भाषा की वह कौन-सी विशेषता है जिसे लेखक ने गुण माना है, दोष नहीं?
   (a) अन्य भाषाओं के शब्द ग्रहण की शक्ति
   (b) भाषा की विशुद्धता का आग्रह
   (c) हिन्दी को रोमन लिपि में लिखना
   (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

GS World
Committed To Excellence